समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# जेपी नड्डा का जयपुर एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मदन राठौड़ रहे मौजूद।

Publisher

Published on 31 May 2025



## राजस्थान की पुण्यभूमि पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का हुआ आत्मीय स्वागत, पार्टी कार्यकर्ताओं मे दिखा जोश।

सवांदाता,जयपुर,राजस्
थान

**जयपुर,राजस्थान :** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी **राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केद्रं सरकार मे स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा)** का आज वीरों की भूमि राजस्थान में भव्य स्वागत किया गया। उनके जयपुर आगमन पर मुख्यमंत्री **श्री.भजनलाल शर्मा** और **भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़** ने गर्मजोशी से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया।

**जेपी नड्डा** का यह दौरा **भाजपा** के आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक मजबूती के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जयपुर एयरपोर्ट पर जैसे ही नड्डा पहुंचे, सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी, फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं में इस दौरान भारी उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा, “नड्डा जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने देशभर में संगठन को मजबूत किया है। उनका यह दौरा राजस्थान में भाजपा को नई ऊर्जा देगा।”

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा, “यह केवल स्वागत नहीं, एक सम्मान है उस नेतृत्व का जिसने भारत को नई दिशा दी है।”

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.